पिंजवा कर गद्दे भरवाने का काम चंदुभाई दाजी को सौंपने के लिए काकाजी सोखड़ा आये थे। मैंने घर पर बात करी कि हमारे गुरुजी – काकाजी गुजरात आए हैं और मेरी इच्छा है कि हमारे घर उनकी पधरामणी करायें और यदि संभव हो, तो उनके लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की जाये। मुझसे लगाव के कारण मेरी मातुश्री ने 'हाँ' कर दी – ठीक है, ले आना तेरे काका को। उन्होंने पुरणपोळी की बढ़िया रसोई बनाई। काकाजी भोजन करने बैठे, तब मैं, काकाजी और मेरी मातुश्री थे। बड़ा और छोटा भाई घर पर नहीं थे। मेरे बारे जो भी शिकायत थी, वह मेरी बा काकाजी से करती जा रही थीं और काकाजी एक के बाद एक पुरणपोळी खाते जा रहे थे। बा गरम-गरम पुरणपोळी, घी चुपड़ कर परोसती जा रही थीं और काकाजी ने एक खाई, दो खाई, तीन खाई, चार खाई और इस दौरान बा ने मेरे प्रति की पूरी भड़ास निकाली। काकाजी ठंडे कलेजे से एक के बाद एक रोटी ग्रहण कर रहे थे... आप विचार करो, **कोई व्यक्ति आपके सामने इतना अधिक बोले, फिर भी आप भर पेट खाना खा सको, वो काकाजी की आध्यात्मिक अवस्था कैसी होगी! कितनी समता, स्थिरता होगी और भगवान को कैसा कर्ता-हर्ता माना होगा।** योगीजी महाराज के लिए इस लड़के को साधु बनाना है, तो उसके लिए जो कुछ भी सुनना पड़े, सब वसूल है! इससे अधिक आनंद की क्या बात हो सकती है? काकाजी के हृदय में जो भी भाव होगा... काकाजी ने अच्छी तरह भोजन किया और मेरी बा भी शांत हुईं।

हम कहां तक बोलते रहेंगे? कोई इतना बोलता रहे और सामने वाला कुछ बोले नहीं, पर भोजन ही करता रहे, तो उस संवाद में कहाँ मज़ा भी आता है?

भोजन के बाद काकाजी ने मुझसे कहा – मैं विद्यानगर जा रहा हूँ। तुम कल विद्यानगर आना, हम आणंद से रात को मुंबई वापिस चलेंगे। काकाजी को कितना विश्वास होगा कि जिसे घर से मंज़ूरी नहीं मिली थी और मंज़ूरी लेने के लिए जिसे योगीबापा ने खुद वापिस भेजा था, तब भी मुझे ऐसी सूचना दी।

काकाजी के जाने के बाद मैंने बा से बात करी – आप हाँ कहो या ना, पर मैं साधु बनूंगा। यदि 'हाँ' कहोगे, तो मेरे पुण्य के भागीदार बनोगे, यदि 'ना' कहोगे तब भी मैं आपके किसी काम तो नहीं आने वाला। एक सप्ताह मैं घर रहा, उस दौरान सभी ने मेरा वर्तन देख कर निर्णय ले लिया कि यह यहाँ रहे या न रहे, लेकिन हमारे किसी काम का नहीं है। सांसारिक काम में किसी काम आने वाला नहीं है। काकाजी के कारण मेरी बा ने मुझे राज़ी-खुशी से मंज़ूरी दे दी। मैं तो राह ही देख रहा था, सो पोटला उठा कर – पोटला जैसा कुछ था ही नहीं, तो जो कुछ भी थैली में था, वह लेकर विद्यानगर आया। विद्यानगर में सभी भाई छात्रालय में थे।

मुझे देख कर काकाजी बोले – आ गये राजा! **'राजा' उनका स्पेशल शब्द था।** किस प्रकार मैं आया, मेरे निकलने के बाद क्या हुआ–कुछ भी उन्होंने पूछा नहीं और उसी रात काकाजी के साथ ट्रेन में बैठ कर सीधा मुंबई पहुँचा! मैं दादर स्टेशन पर उतरा और काकाजी बॉम्बे सॅन्ट्रल। दादर मंदिर पहुँच कर बापा की सेवा में जुड़ गया। आश्चर्य की बात यह थी कि बापा ने एक भी सवाल नहीं पूछा कि तुम घर गये थे, वहाँ क्या हुआ – राज़ी करके आये? कुछ नहीं। पत्रलेखन की सेवा में था, तो रुटीन की वही सेवा में लग गया। **एक व्यक्ति को भगवान के मार्ग पर चलाने के लिए काकाजी ने अंतर्यामी रूप से जो परिश्रम किया है, उसका मेरा यह व्यक्तिगत**

अनुभव है। काकाजी सारी जिम्मेदारी स्वयं पर ले लेते और खूब विश्वासपूर्वक काम करते। वे कहते – राजा! किसकी मरज़ी से सब होता है?– मैं किसकी घरवाली हूँ! मेरा मालिक कौन है, मेरे गुरु कौन हैं! यह एक क़ैफ़ उनके जीवन में था। एक आदर्श नेता की भाँति उन्होंने सब कार्य संभाले।

1966 में योगीबापा के प्राकट्य दिन का उत्सव यहाँ (विद्यानगर) में मनाया गया था। दादुकाका ने जसुभाई साहेब को साथ लेकर वह बहुत अच्छी तरह मनाया। वे हमारे लिए – हमारे अनुपम मिशन की शुरुआत के मंगल दिन थे। **बापा ने काकाजी के साथ दृढ़ संबंध करवा दिया और आज सुबह ही मैं बात कर रहा था कि बापा और काकाजी हमारी आध्यात्म यात्रा में सदैव हमारे आगे रहे, हमारे साथ रहे और जहाँ हम लड़खड़ाए, वहाँ उन्होंने हमें फिर से खड़ा किया और प्रेमपूर्वक उसी मार्ग पर अग्रसर किया। हमारी तपोभूमि ब्रह्मज्योति का यह इतिहास है।**

शांतिदादा ने कीर्तन सुनाते हुए **'सुहृदभाव'** का जो ज़िकर किया, वो ही **'भिन्न प्रकृति वाले से मैत्री'** करने की बात काकाजी करते। हमें जिसके साथ जँचता है, जिसके साथ मेल-मिलाप है, उसके साथ तो मैत्री करी, लेकिन इस लॉकडाउन के दौरान **साहेबदादा** ने बात करी थी – हमारे **खड़े किये हुए प्रारब्ध-कर्म को धोने के लिए हमें यह समय मिला है।** क्रियमाण प्रारब्धकर्म धोने का हमें यह अवसर मिला है। **हमारा साथी-संगी, भले जंचता हो या ना जंचता हो, काम करने की हमारी रीति भले ही हमसे अलग हो, उनकी जीवन पद्धति हम से भले भिन्न हो, लेकिन वो हमारा साथीदार है और हमें उसका 'सुहृद' बनना है।**

दादुकाका ने विरोध प्रकृति वाले लोगों के साथ काम किया है...रतिकाका ने बताया कि **काकाजी घंटों तक धुन कराते थे। काकाजी 2-3 घंटे तक कथा करते थे, भले ही सुनने वाले सभी सो जायें! काकाजी को कितनी धीरज होगी?**

काकाजी की धीरज की कसौटी की स्मृति अभी साहेबदादा ने कराई कि दास (एक भक्त) को सभा में पीछे खड़ा रखा था। उन्हें मिर्च खिलाईं, तो भी वे नींद के झोंके लेते। दास और मायाबापा को काकाजी ने धक्का डिपार्टमेन्ट का काम सौंपा था। काकाजी दास को कुछ संदेश भेजते, तो दास आणंद से और मायाबापा नड़ियाद से जसुभाई साहेब को संदेश देने के लिए आते...

बहुत गहराई की और आध्यात्मिक बात के साथ आनंद की एक बात करता हूँ। कैसे अक्षरमुक्त थे! जसुभाई साहेब को संदेश देने के लिए दास और मायाबापा दोनों पोस्ट ग्रेज्युऐट केमिस्ट्री डिपार्टमेन्ट में आए। तब साहेब एम.एस.सी में पढ़ते थे और आर.डी पटेल साहब इतने सख़्त थे कि उनका पीरियड चालू होने के बाद क्लास में एक चिड़िया भी आ ना सके। दोनों केमेस्ट्री डिपार्टमेन्ट में दाख़िल हुए। कोई मिलता तो उससे पूछे न कि जसभाई भगत कहाँ मिलेंगे? लेकिन कोई व्यक्ति मिला ही नहीं। एक कक्ष का दरवाज़ा धकेला, तो सामने बेंच पर रतिकाका को बैठे देखा। लॅक्चर चल रहा था, पर दास और मायाबापा रतिकाका को देखते ही उन्हें दंडवत् करने लगे। हमें हँसी आती है, पर **काकाजी का सेवन करे हुए इन भक्तों को कितना माहात्म्य!** लॅक्चर थियेटर में प्रोफेसर

डॉ. आर.डी. पटेल थे और उनकी क्लास थी। वे तो स्तब्ध हो गये कि यह क्या हुआ? रतिकाका हं-हं करते हुए बैंच से खड़े हुए।

विचार करो जिनके सेवक इतने माहात्म्युक्त, तो उनके स्वरूप ने उनमें माहात्म्य का कितना सिंचन किया होगा।

मुझे बताते हुए आनंद हो रहा है कि दोनों परिवार की संतान **सुरेशभाई काछिया** और **सुनिलभाई पंडया** आज हमारे यहां व्रतधारी साधक के रूप में सेवा में जुड़े हुए हैं। दास को बीड़ी पीने की कितनी आदत थी, वह प्रसंग भी हमें साहेबदादा ने बताया है। 'बीड़ी नहीं, लेकिन दास का संसार छूट गया' – इन शब्दों का प्रयोग साहेबदादा करते हैं।

काकाजी की प्रसन्नता के ऐसे पात्रों का हाथ साहेबदादा ने थामे रखा।

1966 से अपने सत्संग का इतिहास देखें, तो गुरुहरि साहेबदादा ने काकाजी के सिद्धांत, उनकी रूचि व कार्यशैली को नज़र समक्ष रख कर काकाजी को योगीजी महाराज का स्वरूप मान कर उनका सेवन किया। पप्पाजी को योगीजी महाराज का स्वरूप मान कर सेवन किया।

योगी बापा और ताड़देव के संबंध वाले ऐसे गृहस्थ हरिभक्तों की संतान हमारे यहाँ साधक के रूप में रह रहे हैं। उन सभी के माता-पिता को भी अंतिम श्वास तक जतन करके, साहेबदादा संभाल रहे हैं। यह मेरा-तुम्हारा, हम सबका अनुभव है। यह बात हमें मिली विरासत की है। कोई अनुकूल हुआ हो या नहीं, साहेबदादा को मानता हो या नहीं मानता हो, पर उन्होंने केवल और केवल भगवान का संबंध देख कर इन जीवनमुक्तों का जतन किया और भगवान के साथ जोड़े रखा।

'उनकी सेवा करना ही हमारी भक्ति' ऐसी भावना से, उनके अंतिम श्वास तक मुझे, आपको, हम सबको भी लगाये रखा – यह हमारा अनुभव है।

साथ ही, भिन्न प्रकृति वालों से **'मैत्री'** जैसा अंतिम पड़ाव कि मुक्तों के साथ रह कर, उनकी महिमा समझ कर छलाँग लगानी है। इसे पाँचवी गुत्थी कहा जाता है। **भिन्न प्रकृति वालों की कमियाँ नहीं, बल्कि उनकी खूबियाँ देख कर, अपने साथ जोड़ कर भगवान के कार्य में जोड़े रखना है! यह अद्‌भुत गुण साहेब में दिखाई देता है।**

हम सब कोई 'एकता वही एकांतिकभाव' सूत्र समझ कर साथ नहीं रहे; बल्कि साहेबदादा का बड़प्पन है कि उन्होंने हम सबको इस सूत्र के साथ जोड़े रखा। वे हम सबकी कमियाँ जानते हैं, उन्होंने देखी और अनुभव भी करी हैं। पर, उनका मात्र एक निशान है कि सभी से जिस भी प्रकार की सेवा करवा सकें, उस प्रकार से करवा कर, भगवान का काम अच्छी तरह आगे बढ़ाना है।

जो वृत्ति और प्रवृत्ति काकाजी की थी, उसी वृत्ति और प्रवृत्ति के साथ गुरुहरि साहेब दादा ने हमें जोड़े रखा है। फिर भी, अभी जैसे कि बताया कि काकाजी ने अपना नाम कहीं ज़ाहिर नहीं होने दिया और **'सब कुछ योगी का है'–ऐसे भाव से जो जीव जिस स्वरूप से जुड़ा हुआ था, उसके पास उसी स्वरूप की महिमा गाकर, उसकी पुष्टि करके उसका संवर्धन किया है।** हम सबका यह अनुभव है। ऐसी

'भावात्मक एकता' की बात भी **काकाजी** करते थे कि भले ही हमारे केंद्र अलग-अलग हैं, संस्था संचालन की पद्धति व आश्रम की व्यवस्था भी भले अलग-अलग हो, परंतु हम सब योगीजी महाराज व गुणातीत समाज के हैं और हमें गुणातीत अस्मिता को धारण करके उसका वहन करते रहना है – यह बात की टकोर भी दादुकाका बार-बार करते थे।

काकाजी की दृष्टि हमेशा इस सिद्धांत की ओर रही और 'सिद्धांत' हमेशा सत्य और सनातन रहता है। संजोग, परिस्थिति व लोग बदल सकते हैं, परंतु उसके कारण सिद्धांत नहीं बदलता। सिद्धांत स्थापित करने के लिए वे संजोग व परिस्थितियाँ इन व्यक्तियों को सानुकूल-अनुकूल करें और उनकी शक्तिओं का सद्उपयोग हो यही सच्चा कौशल्य है। **ऐसी नेतागिरी की सिद्धि ही साहेबदादा का जीवन है।**

हम ऐसा कहते हैं कि **बंसरी खोखली है, सो सभी बजा सकते हैं, लेकिन डंडे को बजा नहीं सकते। डंडे में से सुर निकालने की क्रिया अद्‌भुत कही जाये! प्रभु की शक्ति के बिना यह संभव नहीं है। जो डंडे में से सुर निकाले, तो जरूर मानना कि उसमें प्रभु की शक्ति काम कर रही है।**

हम सभी मोटी बुद्धि वाले हैं। बाँस हमेशा मोटा होता है, लचकदार या धार वाला नहीं होता। इसी प्रकार, हम जैसे जड़ बुद्धि वालों को उन्होंने **भगवान की सेवा में जोड़ा,** यह उनकी कुशलता है। **उनके द्वारा प्रभु की शक्ति काम कर रही है, उसका यह दर्शन है। ऐसा दर्शन दादुकाका ने कराया।** उनकी स्मृतियाँ ऐसे प्रसंग पर ताज़ी होती हैं।

वर्तमान काल में गुरुहरि साहेबदादा भी ऐसी ब्राह्मीशक्ति को धारण करके, उसका उपयोग करके हमें भगवान की सेवा में जोड़ रहे हैं। ऐसे पुरुष सदैव अमर और जीवंत हैं। हमेशा हमारे साथ हैं। उनकी उष्मा, प्रेम, प्रेरणा और कृपा सदैव हम पर बरसती है।

तपोभूमि ब्रह्मज्योति में रहते हम सभी विशेष भाग्यशाली हैं कि बापा और काकाजी ने इस भूमि को तीर्थत्व प्रदान किया और और साहेबदादा ने अपने तपोबल से उस तीर्थत्व का संवर्धन किया है। ऐसी तपोभूमि के हम निवासी, सही अर्थ में तीर्थवासी बन के रहें।

तीर्थवासी बनना बहुत कठिन है। गुणातीतानंदस्वामीजी ने आचार्य महाराज रघुवीरप्रसादजी को जूनागढ़ आकर, समागम करने का जब आदेश दिया, तब उनसे कहा था– **'तीर्थवासी'** होकर आओगे, तो तुम्हारी सभी प्रकार की ग्रंथियों को पिघाल दूँगा। यह **गुणातीत सत्ता व गुणातीत ज्ञान** था और तब रघुवीरजी महाराज अपने आचार्य पद का मान-सम्मान, ओहदा और अपनी शान-शौक़त सब कुछ छोड़ कर, केवल सेवक व **'तीर्थवासी'** बन कर जूनागढ़ आकर रहे। गुणातीतानंदस्वामी ने भी उनके हृदय में महाराज की सर्वोपरी निष्ठा स्थापित कर दी।

यह **'तीर्थवासी'** शब्द हमारे संप्रदाय में इस्तेमाल होता है। ऐसी तीर्थभूमि के हम निवासी हैं। हमें तीर्थवासी बनने का प्रयत्न करना है। **जब हम तीर्थवासी बन जाएंगे, तब इस तीर्थ को तीर्थत्व प्रदान करने वाले प्रगट सत्पुरुष से यथार्थ जुड़ पाएंगे।** गुरु के गुण तभी प्राप्त होंगे, जब उनके साथ का अंतराय मिटे और उन्हें सर्वज्ञ मानेंगे। तब गुणातीतानंदस्वामी की बात साकार होगी।

ऐसे गुरुहरि साहेब दादा हमारे जैसे बन कर, हमारे साथ, हमारे बीच रहते हैं, हँसते-खेलते हैं, भोजन ग्रहण करते हैं, आनंद कराते हैं। आज आम रस की रसोई है... साहेब दादा ने खुद कहा – मैं भी योगीप्रसाद में सभी के साथ प्रसाद लूँगा। साहेबदादा ने स्वयं भोजन किया और आनंद कराते हुए कहा – सभी आग्रह करके मुझे खिलाना... उन्हें इस भोजन में कहाँ रस है ? उन्हें तो हम सब में रस है। वे तो हमें अपना संबंध देकर भगवान से जोड़ना चाहते हैं। उनका यह परिश्रम सफल बने, ऐसी गुरुभक्ति हम अदा करके सही अर्थ में ये प्रसंग मनायें और स्मृति करें। जिन्हें हम अपने **'आदर्श प्रभुस्वरुप'** मान कर पूजते हैं, उनकी मूर्तियाँ प्रतिष्ठित करके, उनके प्रसंगों की स्मृति करते हैं, ऐसे **काकाजी, पप्पाजी, सोनाबा और शांता बहन** ने अपने समय में ऐसा दिव्य जीवन जिया है। परंतु, **वही जीवंत मूर्ति – प.पू. साहेबजी जो हमारे बीच मानवरूप में मौजूद है, उनके प्रति सम्यक् दिव्यभाव और उनके संबंधवाले भक्तों के प्रति सम्यक् निर्दोषबुद्धि दृढ़ हो, यही एक मात्र हमारी साधना है।** उनके प्रति सतत जाग्रत रह कर जीने का बल वे हमें दे रहे हैं।

साहेबदादा ने मंगल प्रभात की सभा में उपासना का दूसरा सिद्धांत बताया था –

गुरु गोविंद दोऊ खड़े किसको लागुं पाय, बलिहारी गुरुदेव की, जिसने गोविंद दियो दिखाय।

आज सुबह समाधि पर बात चल रही थी कि बड़े पुरुषों का उपकार हमें कैसे मानना चाहिये ? साहेबदादा ने ऐसा कहा कि पहले गुरु के चरण स्पर्श करने चाहिये। क्योंकि प्रभु की पहचान गुरु ने हमें कराई और उन्होंने हमें प्रभु के साथ जोड़ा। विशेषता यह है कि अपने साथ नहीं, प्रभु के साथ जोड़ा और फिर स्पष्ट भी किया कि यदि पहले गुरु के चरण स्पर्श करके, फिर प्रभु के चरण स्पर्श करेंगे तो प्रभु को बुरा नहीं लगेगा। इस प्रकार हमारे मन की कई मान्यताओं और नासमझीयों का निराकरण कर दिया।

काकाजी का बड़प्पन यह है कि उन्होंने हमें योगीजी महाराज की पहचान कराई। हम कई बार तीन फरवरी की महिमा की बातें करते हैं, 7 मार्च को हम ब्रह्मसमाधि की बातें करते हैं। **दादुकाका हमारे गुणातीत समाज के गुरुस्थान पर हैं। उन्होंने हमें प्रभु की पहचान कराई, प्रगट प्रभु की पहचान कराई, प्रगट का सिद्धांत समझाया। प्रगट की रुचि और अभिप्राय में जीवन जीने की कला सिखाई** और... विशेष रूप से तपोभूमि **ब्रह्मज्योति के व्रतधारी साधकों व निवास करते मुक्तों पर दादुकाका ने दूसरा एक बहुत बड़ा उपकार यह किया कि उन्होंने हमें प.पू. साहेबदादा की महिमा समझाई।** विद्यार्थी अवस्था में साहेब के साथ हमने पढ़ाई की, छात्रालय के निर्माण का कार्य साथ में किया। योगीजी महाराज की आज्ञा से उत्सव किये, सेवाएँ कीं। पर, इस दौरान **1966 तक काकाजी ने हमें दृढ़ करा दिया कि 'जसुभाई कोई अलग तत्त्व हैं।'**

केवल साहेब ही नहीं, जहाँ हरिप्रसादस्वामी का मंडल हो, जहाँ मुकुंदस्वामी का मंडल हो, जहाँ जिस-जिस सद्‌गुरु का मंडल हो, वहाँ जाकर उनके सद्‌गुरु की पहचान, उनके माहात्म्य का सिचंन दादुकाका ने किया और उस सद्‌गुरु से जुड़ कर, उनका ही होकर जीने की बात दृढ़ कराई। दादुकाका का यह हम पर बहुत बड़ा ऋण-उपकार है।

इस प्रकार हम उन्हें सतत याद करें कि आपने बापा के साथ हमारा मिलाप करवा दिया, आपने साहेब के साथ

हमारा मिलाप करवा दिया और उसके कारण समग्र गुणातीत समाज के सभी संतों, मुक्तों, भक्तों के साथ भी मेल करवा कर **'एकता यही एकांतिकभाव'** सूत्र दिया। **प्रेम और आत्मीयता की गंगोत्री का ऐसा प्रवाह दादुकाका ने 'ताड़देव' से सारे गुणातीत समाज में बहाया।** उसका कीर्तन भी संतों ने आज गाया कि ताड़देव को तख़्त बना कर वे सदा साकार प्रगट रहे।

इस **गुणातीतभाव को हमें पाना है और गुणातीतभावना को धारण करके हम सबको जीवंत रखना है। प्रगट की यह सच्ची उपासना है।** गुरु गुणातीत को साथ में लेकर स्वामिनारायण भगवान स्वयं आये। इसलिए हम भगवान और संत की बात समझने में सक्षम बने। गुणातीत समाज के त्यागी संतों, व्रतधारी युवकों, संन्यासी बहनों या गृहस्थ मुक्तों का चार पंखुड़ियों वाला समाज–जो जिस आश्रम में जीवन जीता हो, वे सभी अपने आश्रम में – स्वधर्म में रह कर प्रगति करें।

इस गुणातीत समाज के प्रतीक के रूप में हमने ध्वज भी बनाया और जब कोई भी प्रसंग हो, तब वह ध्वज हम फहराते हैं। काकाजी, पप्पाजी, हरिप्रसादस्वामीजी और साहेबदादा की मंगल हाज़िरी में हमने आम्रवृक्ष के नीचे ब्रह्मज्योति की नींव डाल कर **गुणातीत समाज का यह ध्वज** फहराया था। ये अद्‌भुत स्मृतियाँ हमारे साथ–इस तपोभूमि के साथ जुड़ी हुई हैं। **उसकी गरिमा, उसका गौरव, उसकी पवित्रता बरक़रार रहे और उसका संवर्धन हो उसकी सामूहिक जिम्मेदारी हम सबकी है।** साथ मिल कर उसे हम निभायें। प्रभु के कार्य में सब मन पिरो कर जुड़ जायें और गुरु की प्रसन्नता का पात्र बनें, ऐसी प्रार्थना करने का भी आज मंगल अवसर है।

गुरुहरि साहेबदादा हम सब पर ऐसी मंगल कृपा बरसायें। नींव में जो गृहस्थ हमारे साथ जुड़े, जिन्होंने अपना धन, धाम, कुटुंब, परिवार समग्र अर्पण किया, संतों ने भी जिस प्रकार जीवन अर्पण किया और मन अर्पण करने की जो साधना हो रही है – ये सारी बातें धीरे-धीरे, प्रसंग-प्रसंग पर हमें समझ में आती जा रही हैं।

समय तो पंख लगा कर उड़ रहा है। **अब जीवन पद्धति भी बदलती जाएगी। इस बदलाव के साथ भी हम हमारे जीवनमूल्यों को संभाले रख कर बदलते जायें।**

साहेबदादा ने एक मार्मिक सूचन किया था कि मेरे अंदर बदलाव आये। नया मंदिर बना और नूतन मूर्तियों की उसमें स्थापना हुई, तो उसके अनुसार हमारे अंदर भी नूतन मंदिर बने, प्रभु की मूर्ति स्थापित हो। ऐसा अद्‌भुत मौका साहेब ने इस लॉकडाऊन के समय में तो दिया, लेकिन लॉकडाऊन खुलने के बाद भी हमें यह बात को रख कर जीना है। **जीवन तो चलता रहेगा, लेकिन हम जो जियें उसे ही जीवन कहा जाये।** हाथ पर हाथ रख कर हम कब तक बैठे रहेंगे? जो नियम हैं, उनका पालन करके, जो कुछ भी करना है, वह करके प्रभु से प्रीति के रूप में जीने का दृढ़ संकल्प करें और जीवनमुक्त बन कर, हमारे जीवन को कृतार्थ करें। इसके लिए प्रभु अद्‌भुत शक्ति और भक्ति दें, ऐसी मंगल प्रार्थना। सभी को इस मंगल पर्व के भावभरे जय श्री स्वामिनारायण!

(संक्षिप्त : ध्वनिप्रसारण में से उद्‌धृत)

श्रीजी चरणों में विलीन कई मुक्त कह गये अलविदा...

पू. संकल्पस्वामीजी (दिल्ली)

दिल्ली–अशोकविहार मंदिर में प.पू. गुरुजी की निश्रा में साधु की दीक्षा प्राप्त करके, जीवन धन्य करने वाले **पू. संकल्पस्वामीजी** कोरोना संक्रमण से करीब पंद्रह दिन जूझने के बाद, 10 **मई** को अक्षरधाम सिधारे.... 1951 में इसी दिन गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज ने स्वधामगमन किया था।

सतीष शर्मा के रूप में वे अपने माता-पिता के साथ बचपन से ही गुरुहरि काकाजी एवं प.पू. गुरुजी से जुड़ गये। प.पू. गुरुजी के प्रेम वश 15 साल की उम्र में स्कूल की गर्मियों की छुट्टी में मंदिर रहने के लिए आये और फिर यहीं के होकर रह गये। उनका सरल और मृदु स्वभाव देख कर प.पू. गुरुजी ने भी उन्हें सेवक की ड्रेस देकर **'निर्दोष'** नाम दिया। गुरुहरि काकाजी के अंतर्धान होने के बाद, पू. संकल्पस्वामीजी ने **7 मार्च 1998** के दिन **प.पू. गुरुजी से पार्षदी दीक्षा ली और 15 मार्च को प.पू. हरिप्रसादस्वामीजी से भागवती दीक्षा ली थी।**

प्रभु हरेक को कोई न कोई गुण बख़्शिश में देते हैं। पू. संकल्पस्वामीजी कम बोलते, शर्मीले व अपेक्षारहित थे। इसलिये कई सेवायें करते हुए भी, वे सामने दिखते नहीं थे। यह उनका बड़प्पन था।

- ❖ सेवक के रूप में कई सालों तक प.पू. गुरुजी की सेवा में वे रहे थे, सो प.पू. गुरुजी की ज़रूरतों को जानते थे। इसलिये दिन हो या रात, प.पू. गुरुजी जब भी आराम में जाते, वे बिना किसी के बुलाये प.पू. गुरुजी के सिर पर हाथ फेरने के लिये आ ही जाते।
- ❖ सुबह ठाकुरजी के लिये नाश्ता बनाने की सेवा अहोभाव से करते। पू. सुहृदस्वामीजी को देखना नहीं पड़ता था कि नाश्ते में क्या बनने वाला है?
- ❖ उत्सवों में यदि भोजन ज़्यादा बच जाये, तो उसे आसपास भक्तों को भिजवाते, ताकि ठाकुरजी का प्रसाद बिगड़े ना।
- ❖ प.पू. गुरुजी द्वारा सभा में की गई बातों को अमल में लाने की वे चेष्टा करते थे। एक बार गुरुहरि योगीजी महाराज की सेवाओं का ज़िक्र करते हुए, प.पू. गुरुजी ने कहा कि मंदिर के टॉयलेट-बाथरूम इत्यादि साफ़ रखने से एक ओर भक्त राज़ी होंगे; और दूसरी ओर हमारा अंतःकरण साफ़ हो जायेगा। प.पू. गुरुजी की यह बात पकड़ कर, रात को सबके सोने के बाद वे मंदिर के बाथरूम्स साफ़ करते।
- ❖ जो भी नया सेवक प.पू. गुरुजी की सेवा में आये, उसे प.पू. गुरुजी को राज़ी करने का तरीका सिखाते थे।
- ❖ जो भी भक्त उनके पास आते, उन्हें गुरुहरि काकाजी और प.पू. गुरुजी की महिमा के प्रसंग बताते।

पू. संकल्पस्वामीजी ने अपने वर्तन से कइयों को एक बड़े भाई के रूप में गाइड किया, तो कइयों के वे दोस्त बने। निम्न मुक्तों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि से ख्याल पड़ता है कि पू. संकल्पस्वामीजी ने मुक्तों के दिलों में कैसा स्थान लिया था! अपनी कई सेवाओं, मित्रभाव और सुहृदभाव के लिए वे सदैव याद आयेंगे...

जय स्वामिनारायण – **संकल्प**

क्या ये जहाँ कुछ रास नहीं आया ?
हमें विरही छोड़ कर वतन (अक्षरधाम) तुम चले गये।
भक्तों से तो प्यार अधिक था।
कम शब्दों में सेवा की, पर अभिमान ना आया मन में कभी।
होगा मिलन अब तुम्हारा रोज़ काकाजी और नारायण से।
हमारा भी प्रणाम तुम कह देना उनको। ना हो गुस्ताखी हमसे कभी कोई।
सेवा तुम जैसी भक्तों की हम भी करें। यह **'संकल्प'** भी पक्का हम करें।
गुरुजी की बात हो सर्वोपरि, बस यही आशीर्वाद स्वामी देना तुम।

– पू. रमेशभाई त्रिवेदी (मुंबई)

A friend he was
Would always care
A true guide he was
Was never unfair
His love so pure
It was so rare
Always with a smile
And a kind hearted stare
Made u believe that
Guruji is always there
His life and actions
Were open and bare
He made your heart soft
So u could also share
U did not have to call him
Was silently everywhere
He was a true saint
Would still love us and care
Though he is with Kakaji
Can feel his warmth here.
Love u always Sankalpswami

– P. Chintan Aggarwal (Delhi)

पू. मल्कानी अंकल (दिल्ली)

गुरुहरि काकाजी के संकल्प से दिल्ली मंदिर के लिए प.पू. गुरुजी से जुड़े और मंदिर के पार्ट एन्ड पार्शियल बने **पू. मल्कानी साहेब 9 मई** की सुबह हार्ट एटैक के कारण अक्षरधाम सिधारे। गुणातीत समाज के सभी केन्द्रों को जब यह खबर दी गई, तो सभी अचंभित हो गये। पू. मल्कानी अंकल केवल दिल्ली मंदिर – प.पू. गुरुजी से ही नहीं जुड़े थे; बल्कि प.पू. गुरुजी की प्रेरणा से–गुणातीत समाज के सभी केन्द्रों के प्रति उनका एक जैसा झुकाव-अपनापन था, सो वे सभी को अपने निजी लगते थे। **यह था–काकाजी से आत्मसात् करी पू. मल्कानी अंकल की सर्वदेशीयता का प्रभाव!**

हम सभी जानते हैं कि दिल्ली मंदिर के निर्माण कार्य में 70-80 प्रतिशत

उनका योगदान रहा और साथ ही साथ गुणातीत समाज के सभी केन्द्रों में भी उन्होंने समय-समय पर खूब सेवा दी। गुणातीत समाज के सभी को वे अपना मानते। इसलिये अपने फार्म हाऊस पर **समय-समय पर गुरुहरि पप्पाजी को बहनों के साथ, प.पू. स्वामीजी को संतों के साथ, संतभगवंत साहेबजी को युवकों के साथ शिविर करने के लिए वे निमंत्रित करते।**

शिविर करने में असुविधा न हो, इसलिये फार्म पर उन्होंने **'काकाजी प्रार्थना हॉल'** बनवाया, **'नंदिनी'** रसोईघर और बाथरूम युनिट्स बनवाये। पैसे से सेवा तो बहुत लोग करते हैं, लेकिन जिस अपनेपन से पू. मल्कानी अंकल एवं उनके परिवार ने विनम्रता व निःस्वार्थ भाव से सेवा की है, वो अवर्णनीय है और कभी भूली नहीं जा सकती।

पू. मल्कानी अंकल बुद्धिशाली व्यापारी थे, जो हमेशा अपना मुनाफ़ा ही देखते थे। सो, प.पू. गुरुजी के मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी जीवनशैली को सत्संग के ढांचे में ढाला। जिस सिन्सियारिटी और लगन से उन्होंने व्यापार की चरम सीमा तक पहुँचने की कोशिश की, वैसी ही अभिलाषा से प्रभु प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर हुए। जीवन में जब भी व्यावहारिक उतार-चढ़ाव आये, तो गुरुहरि पप्पाजी और प.पू. गुरुजी जैसे समर्थ सारथी का हाथ थाम के, बिना किसी स्पंदन वे सब कुछ सहर्ष स्वीकारते गये। दिल और होंठों पर बस **'स्वामिनारायण मंत्र'** का रटन करते हुए, **गुरुहरि योगीजी महाराज का कथन** दोहराते – **उलझन आये तो माला फिराओ...** इसी को अपना जीवनमंत्र मान कर, **वे अजपाजप करते रहते** और सभी के लिए एक आदर्श स्थापित किया कि गुरु साथ हों तो फिर क्या कमी है, अंधेरों से भी रोशनी मिलती है... सच, **पू. मल्कानी अंकल जैसे सर्वदेशीय भक्तराज की कमी ज़रूर खलेगी और सभी स्वरूपों के साथ के निराले संबंध के रूप में वे हमेशा याद रहेंगे।**

पू. प्रकाशकुमार त्रिवेदी (अमदावाद)

गुरुहरि काकाजी की आज्ञा से प.पू. गुरुजी 1967-68 में दिल्ली आये। तब स्वामिनारायण सत्संग को कोई जानता नहीं था। मुश्किल से तीन-चार कुटुंब थे, जो परिचित थे। उनमें से एक अक्षरनिवासी **पू. हसमुखराय जानी साहेब** का परिवार था, जो मूलतः स्वामिनारायण संप्रदाय से जुड़ा हुआ था। उनके सुपुत्र **पू. कीर्तिभाई व पुत्रवधु सौ. शोभना जानी** और **पू. योगेशभाई व पुत्रवधु हेमा जानी** एवं पुत्री **पू. जस्मिन** व दामाद **पू. प्रकाशकुमार त्रिवेदी** परिवार सहित सत्संग से जुड़ गये।

22 मई को पू. प्रकाशकुमार कोविड संक्रमण से **अक्षरनिवासी हुए।** प.पू. गुरुजी के प्रति पू. प्रकाश कुमार के दिल में खूब आदर, अपनापन और भक्तिभाव था। अमदावाद के मणिनगर में उनकी दुकान **'सजावट'** पर प.पू. गुरुजी पधारते, तो श्री ठाकुरजी की सेवा के लिए वे कलात्मक सामान सेवारूप देते। दिल्ली में आयोजित **2017 के 'बंधुजोड़ी शताब्दी उत्सव' में भी, उन्होंने सजावट का सामान सेवा में देकर अपनी**

उदात्त भावना और अपनेपन का परिचय दिया था।

इन्हें श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए, भगवान स्वामिनारायण, गुरुहरि काकाजी व गुणातीत स्वरूपों से प्रार्थना कि उनके परिवार के सदस्यों को बल दें और प्रगट संत से संबंध दृढ़ करके वे तन, मन, धन और आत्मा से सदा सर्वथा समृद्ध और संपन्न रहें...

पू. डॉ. रोशनलालजी (सिरसा)

कोविड के कारण **6 मई को** काकाजी के समय के पुराने जोगी **पू. डॉ. रोशनलालजी** अक्षरनिवासी हुए। वे करीब 75-76 वर्ष के थे। 1978-79 में **पंजाब के गाँव सबद्धी कलाँ** के धर्मपालजी की प्रार्थना पर, गुरुहरि काकाजी महाराज वहाँ की धरती को पावन करने गये और पूर्व के मुक्तों को सत्संग से जोड़ लिया। उसमें पू. डॉ. रोशनलालजी एवं उनकी पत्नी पू. शमशाद भाभी भी गुरुहरि काकाजी की कृपा के पात्र बने। गुरुहरि काकाजी के अंतर्धान होने के बाद, वे उसी प्रकार प.पू. गुरुजी से जुड़ गये। हरियाणा-सिरसा में रहते थे, लेकिन परिवारसहित उत्सवों में और कभी-कभी ख़ास दर्शन के लिए भी दिल्ली मंदिर आते रहते।

'काकाजी-काकाजी' रटन करते वे थकते नहीं थे। दोनों हाथ ऊपर करके, मूर्ति में लीन होकर, ज़ोर से पुकार करके, जब वे कहते– काकाजी, आप मेरे हैं... तो ऐसा लगता वे गुरुहरि काकाजी से साक्षात् वार्तालाप कर रहे हैं।

ऐसी धुन से वे सबके लिए आदर्श स्थापित करके गये हैं कि भजन तो सब कुछ भूल कर लय और लीन होकर करना चाहिये। भजन के समय बस यही भावना होनी चाहिए – 'मैं और मेरे प्रभु – उसके अलावा कुछ नहीं...'

पू. संतोष पाठकजी (उ.प्र.–भदोही)

4 मई को कोरोना के कारण ही **पू. संतोष पाठकजी** ने कम उम्र में देहत्याग किया, यह जान कर पूरे सत्संग समाज को बहुत दुःख हुआ।

प.पू. हरिप्रसादस्वामीजी के संबंध से पू. संतोष पाठकजी दिल्ली मंदिर आये। प.पू. स्वामीजी का संबंध देख कर और उनके प्रति अपनी भक्ति मान कर प.पू. गुरुजी ने पू. संतोष पाठकजी को खूब संभाला। समय-समय पर आऊट ऑफ धी वे जाकर, प.पू. गुरुजी ने उनकी व्यावहारिक समस्याओं का समाधान किया। फलस्वरूप जिस अपनेपन से पू. संतोष पाठकजी प.पू. स्वामीजी से जुड़े थे, वैसे ही प.पू. गुरुजी से जुड़ गये।

अपने जीवन के **छोटे-बड़े सभी कार्य प.पू. गुरुजी से पूछ कर करना उन्होंने अपनी जीवनशैली बना ली।** प.पू. गुरुजी के साथ ऐसा संबंध था कि उनसे कोई ग़लती होने पर, उन्हें डाँटने से प.पू. गुरुजी हिचकते नहीं थे।

उनकी खूब चाहना रही कि उनका पूरा परिवार सत्संग से जुड़े। प्रभु ने उनकी पुकार सुनी, तो उनकी दो बेटियाँ साध्वी चंदन व साध्वी केसर अक्षरज्योति में प.पू. दीदी की निश्रा में भगवान भजने अग्रसर हुई हैं।

पू. संतोषजी बहुत तन्मयता से धुन करते थे। प.पू. गुरुजी के नज़दीक बैठ कर, जब ज़ोर-ज़ोर से ताली बजाते हुए वे धुन करते, तो मानो उन्हें सुधबुध नहीं रहती थी–उनकी डायरेक्शन भी बदल जाती थी। समूह में भी उनकी धुन की आवाज़ खूब गूँजती थी। सत्संग की ऐसी पूँजी वे अपने परिवार को देकर गये हैं।

जब से कोरोना संक्रमण की शुरुआत हुई, तब से **उनका पुत्र पू. हर्षित** मंदिर में संतों की सेवा करते हुए पढ़ाई करता है। पू. संतोषजी का निधन होने पर, वह जब अंतयेष्टि करके लौटा और फिर अपने दादा के पास उसे अन्य औपचारिकताएँ पूरी करने बनारस जाना था, तो उसने प.पू. गुरुजी से प्रार्थना कि–यह सब करने मैं जा रहा हूँ, पर फिर **कहीं मेरी मंदिर की सेवा तो छूट नहीं जायेगी?** यह बात विडियो कॉल पर **पू. दालिया साहेब** को बताते हुए प.पू. गुरुजी खुद भावुक हो गये थे।

18 वर्षीय हर्षित ने साबित कर दिया कि सच्चे सगे प्रभु, संत और सत्संगी ही हैं।

यूँ अपनी सेवा, भावना और विरासत द्वारा पू. संतोषजी सदैव याद आयेंगे।

पू. सतपाल यादवजी (दिल्ली)

24 अप्रैल को दिल्ली सत्संग समाज के आत्मीय स्वजन **पू. सतपाल यादवजी** कोविड संक्रमण से अक्षरनिवासी हुए। **पू. विजयपाल यादवजी के वे कज़िन भाई थे।** संत प्रधान जीवन जीने की भावना से वे परिवारसहित सत्संग से जुड़े। कम उम्र में उन्होंने हमारे बीच से स्थूल विदाई ली। पर, अपने परिवार को सत्संग की विरासत देकर गये हैं।

जिस दिन पू. सतपालजी अक्षरनिवासी हुए, तब कोविड के कारण उनकी पत्नी **पू. सरोज भाभी** की हालत भी नाज़ुक थी। सो, उन्हें कुछ भी बताये बिना, हरियाणा – यमुनानगर के 'गाबा' अस्पताल में भेजा गया। 2 मई को वे दिल्ली लौटीं, तो सबको यह डर था कि उनके पति सतपालजी के बारे में कैसे बताया जाये? पर, प.पू. दीदी के बताये जाने पर पू. सरोज भाभी स्टेबल रहीं और बोली –

मेरे लिए तो सबसे पहले गुरुजी, दीदी और मंदिर के सब हैं, बाकी सब बाद में...

यह सुन कर सभी स्तब्ध हो गये! कहना आसान है, लेकिन पू. सरोज भाभी ने जिस प्रकार वर्त कर दिखाया, उससे स्पष्ट हो गया कि पूर्व के जबरदस्त संबंध के बिना यह संभव ही नहीं है। श्रीजी महाराज के समय के ऐसे प्रसंग सुनते हैं, यहाँ वो तादृश देखने को मिला।

सच, सतपालजी के अक्षरनिवासी होने पर उनकी पत्नी, पुत्र पू. वरूण और पुत्री पू. ईशा ने खूब स्टेबल रह कर सत्संग की गरिमा बनाये रखी। मौके पर बता दिया उनके जीव में सत्संग कितना बसा है। ऐसे मुक्तों को देख कर दिल नतमस्तक हो जाता है और प्रेरणा मिलती है।

सतपालजी भले ही हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन अपनी आत्मीयता से हमेशा सभी के दिलों में रहेंगे।

पू. झांझी साहेब (पंजाब-जगरांव)

19 अप्रैल को **गुरुहरि काकाजी के समय** के आत्मीय पुराने जोगी **पू. जीवनलाल झांझी साहेब,** जो दो-तीन महीने से बीमारी के कारण असहनीय पीड़ा से गुज़र रहे थे, वे अक्षरनिवासी हुए।

धार्मिक एवं सामाजिक प्रकृति के पू. झांझी साहेब बहुत ही सुलझे हुए, विचक्षण एवं परोपकारी थे। पंजाब के लुधियाना, सबद्धी कलां और जगरांव में जब गुरुहरि काकाजी महाराज ने स्वामिनारायण की अलख जगाने की शुरुआत की, तब पूर्व के बलिष्ठ संस्कार के कारण, पू. झांझी साहेब प.पू. काकाजी से निजी तौर पर जुड़ गये। प.पू. गुरुजी के प्रति भी उनकी छुपी प्रीति थी।

एक बार उनके किसी नज़दीक के रिश्तेदार के यहाँ किसी की शादी की तारीख पक्की हुई। संजोग से उसी दिन प.पू. गुरुजी का प्राकट्योत्सव था। प.पू. गुरुजी को अपने जीवन में प्राथमिकता देते हुए, पू. झांझी साहेब ने उन्हें कह दिया कि **जिस दिन आपके यहाँ शादी है, उसी दिन हमारे गुरुजी का जन्मदिन है।** मैं शादी में नहीं आ पाऊंगा और **यदि आप चाहते हैं कि मैं शादी में आऊँ, तो शादी की तारीख बदल लें।** इस प्रसंग से **ख्याल पड़ता है कि उनके जीवन में प.पू. गुरुजी की क्या अहमियत थी!**

पू. झांझी साहेब करीब चालीस वर्ष से परिवार सहित सत्संग समाज से घनिष्ठता से जुड़े रहे। सभी हरिभक्तों के साथ भी आत्मीयता रखते हुए अपनेपन से सहाय रूप बने। जगरांव में **'स्वामिनारायण चौक'** बने, यह भक्तों की दिली इच्छा थी, उसके लिये वे स्वयं कई हरिभक्तों के साथ काफ़ी प्रयत्नशील भी रहे और... सबकी भावना और श्रद्धा से चौक बन भी गया।

पू. झांझी साहेब सत्संग की जो दिव्य विरासत छोड़ गये हैं, इस पूँजी को परिवार बरक़रार रखे यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

भजन

(राग – तेरे नैना ऐसे काफ़िर..)

मिला ऐसा अंतर्यामी, जाने मेरी सारी खामी...
मिला ऐसा अंतर्यामी, जाने मेरी सारी खामी,
फिर भी रखता ना तू हमसे दूरियाँ...
तेरी मूर्ति, तेरी स्मृति; हो जो उसमें अखंड वृत्ति,
खोलें मन की गाँठों की डोरियाँ...
तू ही गुरु मेरा, तू ही परमात्मा
तू ही साँस मेरी, तू ही मेरी आत्मा
काका ने ऐसा राहबर दिया
सौ जननी का, प्यार जो भुला दे,
प्रियवर गुरु ऐसा मिला...
सौ जननी का, प्यार जो भुला दे,
प्रियवर गुरु ऐसा मिला...
करें और किस सुख की अभिलाषा, -2
जीतेजी धाम यहीं पे मिला...
सौ जननी का, प्यार जो भुला दे,
प्रियवर गुरु ऐसा मिला... -2

पलकें खुली हों या फिर बंद हों, तेरी मूरत उसमें हरदम हो,
हो... पलकें खुली हों या फिर बंद हों, तेरी मूरत उसमें हरदम हो,
पल-पल मेरे साथ तू रहता, ये अनुभव भी तू ही कराता,
डग-डग पर तूने ही संभाला,
प्रियवर गुरु ऐसा मिला...
सौ जननी का, प्यार जो भुला दे,
प्रियवर गुरु ऐसा मिला... -2

मैं जीना, तेरा हो के ही मैं जीना,
बिना तेरे कुछ भी कहीं ना,
तेरी मरज़ी में मिट कर जीना ओ... ओ...

है काफ़ी, तेरी रहमोनज़र ही काफ़ी,
तेरा दर्शन पाना काफ़ी,
बस तुझमें डूबना काफ़ी, यारा...
हमें काफ़ी तेरी अँख का इशारा... -2
प्रियवर गुरु ऐसा मिला...
सौ जननी का, प्यार जो भुला दे,
प्रियवर गुरु ऐसा मिला... -3

चातुर्मास दौरान

[यानि दिनांक 20 जुलाई, मंगलवार (देवशयनी एकादशी) से 15 नवंबर, 2021 सोमवार (प्रबोधिनी एकादशी) तक]

भगवान और संत की प्रसन्नता हेतु सभी सत्संगी निम्न नियमों का पालन करें।

1. सावन के महीने यानि – 9 अगस्त, सोमवार से 6 सितंबर, सोमवार तक एक बारी भोजन लें।
2. **चातुर्मास दौरान हर महीने या सिर्फ सावन के महीने में–**
   मंदिर के स्टाफ यानि 60 जनों के लिए एक दिन कॅश द्वारा भोजन की सेवा दें।
3. 20 जुलाई, मंगलवार- नियम की एकादशी, 30 अगस्त, सोमवार - जन्माष्टमी
   17 सितंबर, शुक्रवार - जलझीलनी एकादशी, 15 नवंबर, सोमवार - कार्तिक शुक्ला एकादशी इन चारों दिन व्रत रखें।
4. चातुर्मास दौरान यथाशक्ति **'महापूजा'** करवाएं।
5. रोज़ सुबह या सायं **'गुणातीत स्वरुपों'** की स्मृति सहित **पंद्रह मिनिट** कपालभाँति, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका **प्राणायाम** करें।
6. चातुर्मास दौरान हमारे हिन्दी प्रकाशन 'ब्रह्मविद्या' एवं 'मंत्रशक्ति' पुस्तक का पारायण करते हुए उन बातों पर मनन –चिंतन करें।
7. **सावन महीने के दौरान–**
   (क) 'बॅप्स' द्वारा प्रकाशित **'भगवान श्री स्वामिनारायण एक दिव्यजीवन गाथा'** के तीन पन्नों का नित्य पठन करते हुए पारायण करें।
   (ख) 'गुजराती' भाषा जानते हों, वे **'स्वामी की बातें'** या हिन्दीभाषी मुक्त **'उपदेशामृत'** का पारायण करें।
   (ग) **'भगवत् कृपा'** के पिछले अंकों में आई संतों - मुक्तों की ज्ञानवार्ता का क्रमशः नियमित रूप से रोज़ पाठ करते हुए उस पर मनन - चिंतन करें।

व्रतोत्सवसूची

(1) दि. 21.6.'21, सोमवार – भीम एकादशी, व्रत

(2) दि. 24.6.'21, गुरुवार – वटसावित्री

(3) दि. 5.7.'21, सोमवार – एकादशी, व्रत

(4) दि. 12.7.'21, सोमवार – रथयात्रा

(5) दि. 20.7.'21, मंगलवार – **देवशयनी एकादशी, व्रत – चातुर्मास प्रारंभ**

(6) दि. 23.7.'21, शुक्रवार – **गुरुपूर्णिमा**

R.N.I. 28971/77 ***(Air Mail)***
'**Bhagwatkripa**' Bimonthly Magazine – Despatched on 15th of alternate months
If undelivered please return to :— *Printer, Publisher, Editor :* **SHRI PRABHAKER RAO *FOR* YOGI DIVINE SOCIETY- DELHI**
'Taad-dev', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg, Ashok Vihar-III, Delhi-110 052 (India) Tel.: 4709 1281
Printed at : **D.K. FINE ART PRESS (P) LTD.,** A - 6, Community Centre, Nimri Colony, DELHI - 110 052